# बारिश में भी थमा नहीं देशभक्ति का जज्बा

## मुंगावली में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, झांकिया हुईं शामिल, गूंजे देशभक्ति के तराने

नवभारत न्यूज

**मुंगावली। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत नगर में बुधवार को विशाल तिरंगा रैली निकाली गई।**

रैली का शुभारंभ गणेश शंकर लाल से हुआ, जो बहादुरपुर रोड, जय स्तंभ चौराहा, पोस्ट ऑफिस चौराहा, स्टेशन रोड होते हुए गणेश शंकर विद्यार्थी चौराहे पर संपन्न हुई। रैली प्रारंभ होने से पूर्व जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर गणेश शंकर तालाब पर 110 मीटर ऊँचा तिरंगा फहराया गया, जिसे भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने ध्वजारोहित किया। रैली में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की आकर्षक झाँकियाँ सजाई गईं थी, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। बारिश के बावजूद देशभक्ति से ओत-प्रोत बच्चों का उत्साह कम नहीं हुआ। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे स्कूली बच्चे और नगरवासी देशभक्ति के नारे लगाते नजर आए। इस तिरंगा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, नगर परिषद, पुलिस विभाग, अधिकारी-कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएँ, शिक्षक-शिक्षिकाएँ, भाजपा




कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। विधायक यादव रैली के दौरान डीजे की देशभक्ति धुन पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ थिरकते नजर आए। कार्यक्रम का समापन मूर्धन्य पत्रकार अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया।

**जिले की सबसे लंबी रैली रही तिरंगा यात्रा:** बुधवार को दोपहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा की रैली जिले में सबसे रैली जहां इस रैली में 2 हजार से ज्यादा बच्चे शामिल हुए तो वहीं इस रैली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कार्यक्रम स्थल से शुरू हुई रैली समापन स्थल तक चलती रही जो कि तीन किलोमीटर तक यह रैली चलती रही वही कार्यक्रम के के समापन के बाद विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने देश भक्ति के गीतों पर जमकर नृत्य किया ओर कहा कि यह गर्व की बात है कि हम सभी भारतीय को ऐसे पलो को जीना का अवसर मिलता है यह सभी भारतीयों के लिए गौरवान्ति करने वाले पल होते है जब हाथों में तिरंगा होता है।

### शुष्क दिवस घोषित

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आदित्य सिंह द्वारा 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर एक दिवस का शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जारी आदेश के तहत इस दिन जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं स्टोरेज मद्य भाण्डारगार अशोकनगर बंद रहेगे तथा मदिरा का क्रय-विक्रय एवं परिवहन निषिद्ध रहेगा।

### नारी शक्ति दे रहीं देशभक्ति का संदेश

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर किया जा रहा। इसी क्रम में नारी शक्ति द्वारा देशभक्ति के इस उत्स व में सहभागिता कर जन-जन को हर घर तिरंगा फहराये जाने के संदेश दिया जा रहा है।

# स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की फाइनल रिहर्सल संपन्न, कलेक्टर ने ली सलामी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउण्ड ईसागढ़ अशोकनगर में किया जायेगा। मुख्य समारोह की तैयारियां हेतु फाइनल रिहर्सल बुधवार को आयोजित की गई। फाइनल रिहर्सल के दौरान समारोह के मुख्यु अतिथि कलेक्टर आदित्य सिंह ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि ने पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के साथ खुली जिप्सी में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में परेड की टुकड़ियों ने राष्ट्रधुन के साथ हर्ष फायर किया। समारोह में परेड की 11 टुकड़ियों द्वारा मार्च




पास्ट किया गया। भव्य आकर्षक परेड का प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का लाइव प्रसारण देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमाण्डरो से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान 6 स्कूलों के स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया।

# सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पंचायते हुई सम्मानित

**पंचायत उन्नयन सूचकांक का हुआ विमोचन**

**जिले की 20 ग्राम पंचायते हुई सम्मानित**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिला पंचायत अशोकनगर के सभाकक्ष में पंचायत उन्नति सूचकांक वर्ष 2022-23 का विमोचन एवं प्रचार-प्रसार हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, जिला पंचायत सदस्य राव यादवेंद्र सिंह यादव, रानी यादव, शीला जाटव एवं शीतल कलावत उपस्थित रहे। इस अवसर जिले के लाइन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंचायत एवं जिला विकास सूचकांक के नौ विषयों पर जिले की 20 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया। जिसमें पंचायत सतत विकास की अवधारणा के साथ पंचायतों को सशक्त बनाने उनके कामकाज को पारदर्शी और कुशल बनाने के लिए कार्य के आधार पर जिले की ग्राम पंचायत लखेरी बासारती जनपद पंचायत अशोकनगर को प्रथम पुरूस्कार 11000 रूपए, द्वितीय पुरूस्कार 7100 रूपए ग्राम पंचायत खिरिया देवत, तृतीय पुरूस्कार 5100 रूपए ग्राम पंचायत बडेरा जनपद पंचायत चंदेरी एवं अन्य 07 ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत झीला, हिरावल, बेलई, देरखा, नावनी, बांसखेडी एवं बरखेडा जमाल को 2100-2100 रूपए सांत्वना पुरूस्कार सहित प्रशस्ति पत्र से पुरुस्कृत व सम्मानित किया गया। जिसमें 10 पंचायतों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिसमें क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण ग्वालियर से राजीव दुबे द्वारा पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 पर विस्तार से जानकारी देते हुए पीएआई. 1 2.0 में बेहतर ढंग से लाईन विभागों के साथ समन्वय कर जानकारी पोर्टल पर प्रविष्टी की जाने के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा उपस्थित सभी ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव, रोजगार सहायक को अधिक मेहनत और लगन से काम करने की समझाईश दी गई। जिससे जिला अशोकनगर का स्थान पीएआई. 12. 0 में राज्य में प्रथम स्थान हासिल कर सकें। सभी उपस्थितजन का टीएमपी पोर्टल पर रजिस्टेशन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजाराम धाकड (मास्टर ट्रेनर) ईटीसी ग्वालियर द्वारा किया गया। आभार राजीव रघुवंशी (डीपीएम.) आरजीएसए अशोकनगर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लाइन विभाग के अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, जिला पंचायत सदस्य एवं 20 पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं आरजीएसए के सभी बीसी, डीईओ, रिसोर्स पर्सन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम अंतर्गत मुख्य् प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिये गये।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, एसडीएम अशोकनगर बृजविहारी लाल श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर इसरार खान सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि बाल श्रम उन्मूलन के अंतर्गत संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों की नियमित रूप से जांच की जाए। उन्होने बालक एवं बालिकाओं की गुमशुदगी के मामलों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये ।

**आयोजन** | **अखाड़ों ने दिखाए करतब, भजनों पर झूमे श्रद्धालु**

# लवकुश जंयती पर निकला चल समारोह

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कुशवाह समाज द्वारा बुधवार को अपने आराध्य देव लवकुश की जयंती मनाई गई। इस दौरान समाज द्वारा एक चल समारोह का आयोजन किया गया, जो पछाड़ीखेड़ा तालाब स्थित लवकुश मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस पहुंचा। जहां पर प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

बुधवार को कुशवाह समाज द्वारा लवकुश जयंती मनाई गई। जिसके चलते सोमवार से ही शहर में चलकर्मी शुरू हो गई थी, तो वहीं कार्यक्रम का मुख्य आयोजन पछाड़ीखेड़ा स्थित मंदिर पर किया गया था। जहां कार्यक्रम के बाद चल समारोह



निकाला गया, यह चल समारोह ओवर ब्रिज से प्रारंभ होकर गांधी पार्क, विदिशा रोड़, अंबेडकर भवन, पुरानी सब्जी मंडी, सुराना चौराह, गांधी पार्क होते हुए वापस मंदिर पर पहुंचा, जहां पर आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया।

**जगह-जगह हुआ स्वागत:** कुशवाह समाज द्वारा निकाले गए चल समारोह का लोगों ने जगह जगह स्वागत किया। जहां लायस क्लब द्वारा गांधी पार्क पर स्वागत किया गया, तो वही शहर के अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा भी जल और फल वितरित करते हुए शोभायात्रा स्वागत किया। तो वहीं कई स्थानों पर झांकी में शामिल लवकुश की लोगों द्वारा आरती उतारी गई।

**झांकी रही आकर्षण का केंद्र:** लवकुश जंयती के अवसर पर जहां शहर में एक चल समारोह निकाला गया, जिसमें कई झांकियों का शामिल किया गया। चल समारोह का मुख्य आकर्षण का केंद्र महर्षि बाल्मिकी की कोटिया रहीं। तो वहीं चल समारोह में शामिल अखाड़ो द्वारा हैरततंगेज कर्तव्य दिखाए गए, जिन्हें देखकर लोग हैरत में पड़ते नजर आए। इस चल समारोह में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।


